Need to widen the service road beneath the Vasad Bridge in Anand district, Gujarat.-laid

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) : मेरे निर्वाचन क्षेत्र आणंद में वर्तमान समय में गंभीरा ब्रिज टूटने के कारणवश भारी वाहनों के यातायात प्रतिबंध के कारण सभी बड़े एवं भारी वाहन बड़ौदा जाने के लिए वासद मार्ग से होकर गुजर रहे हैं । इस स्थिति के कारण NHAI के अधीन विभाग द्वारा निर्मित वासद ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड से होकर वाहनों के गुजरने से वासद ब्रिज के नीचे अत्यधिक यातायात जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है । इस यातायात समस्या के स्थायी निवारण हेतु निवेदन है कि ब्रिज के सर्विस रोड की वर्तमान उपलब्ध चौड़ाई 7 मीटर को बढ़ाकर 14 मीटर किया जाए, जिससे यातायात की समस्या का समाधान हो सकता है । साथ ही इस सड़क को RCC से निर्मित करने से बारिश के मौसम में रोड टूटने की समस्या का भी स्थायी समाधान हो सकता है । यह एक अत्यंत गंभीर एवं तत्काल ध्यान देने योग्य मुद्दा है जो स्थानीय जनता की दैनिक परेशानी का कारण बन रहा है । अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित उचित कार्यवाही करने की यथाशीघ्र कृपा करें ।